<u>प्रपत्र -1</u>

**परियोजना का नाम:--** भारत सरकार की "**भारत-नेट / नोफन परियोजना**" के अंतर्गत जनपद नैनीताल में रामनगर वनप्रभाग के अंतर्गत ग्राम टेढ़ा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट तथा बेलगढ फॉरेस्ट चेक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे- किनारे ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने हेतु संरक्षित वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।

## प्रतिवेदन

## (परियोजना के संबंध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत ग्राम सभाओं के ग्राम पंचायत भवनों तक भारत सरकार की डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत भारत - / नेट / नोफन परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी प्रदान करने का कार्य किया जाना है। इसके भविष्य में सभी ग्राम वासी डिजिटल क्रांति से जुड़ कर लाभान्वित होंगे तथा 2-4 स्थायी तथा 10-12 अस्थायी रूप से लोगो को रोजगार मिलने की संभावना है जिससे भविष्य में ग्राम वासियों का डिजिटल प्रणाली से विकास संभव है।

ह०/-

( प्रयोक्ता एजेन्सी )
A.G.M. (Transmission)
O/o G.M.T.D. Nainital

# कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, कोसी राजि,

## रामनगर वन प्रभाग, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक – 653/12 रामनगर, / दिनांक 7 .04. 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग रामनगर।

विषय– **भारत नेट/NOFN परियोजना के आप्टिकल पनइवर केबिल बिछाने हेतु संयुक्त निरीक्षण के उपरान्त साझा रिपोर्ट के सम्बन्ध मे।**

सन्दर्भ– **प्रभागीय वनाधिकारी का पत्रांक 2134/12–1 दिनांक 22.03.2021 के क्रम में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन के क्रम में दिनांक 01.04.2021 को भारत संचार निगम लिमिटेड रामनगर नैनीताल के प्राधिकृत प्रतिनिधि श्री टी.एस.पांक्ति, ए0जी0एम0 ट्रांसमिशन व श्री अखिलेश कुमार, एस0डी0ओ0 रामनगर, भारत संचार निगम लिमिटेड वन विभाग से सम्बन्धित स्टाफ को साथ लेकर स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें बैराज से टेढा ग्राम तक एवं बैराज से बेलगढ होते हुये कोसी राजि एवं देचौरी राजि की सीमा पर स्थित सूखा रोखड तक पी0डब्ल्यू0डी0 मार्ग के किनारे–किनारे केबिल बिछाया जाना प्रस्तावित है, जिसकी कुल दूरी 5.22 कि.मी. है, जो इस राजि के अन्तर्गत आता है। केबिल बिछाये जाने का कार्य **1.2 ग. x 0.3 चौ. मी0** खोदकर किया जाना प्रस्तावित है, उक्त कार्यों में केबिल बिछाये जाने में वृक्षों की क्षति होने की संभावना नहीं है। यदि राजकीय कार्य करते समय कोई भी राजकीय वन क्षति होती है तो भारत संचार निगम लिमिटेड स्वयं उत्तरदायी होगी, एवं नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

उक्त संयुक्त रिपोर्ट के प्रारम्भिक एवं अन्तिम जी0पी0एस0 रीडिंग निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | मार्ग का नाम | प्रारम्भिक जी0पी0एस0 रीडिंग | अन्तिम जी0पी0एस0 रीडिंग |
|---|---|---|---|
| 1. | बेलगढ़ से सूखा रौखड राजि सीमा तक | N-29⁰23'08.51" E-79⁰08'32.75" | N-29⁰22'41.98" E-79⁰09'15.51" |
| 2. | बैराज से बेलगढ तक | N-29⁰23'55.34" E-79⁰08'5.94" | N-29⁰23'8.51" E-79⁰08'32.75" |
| 3 | बैराज से टेढा ग्राम | N-29⁰23'55.34" E-79⁰08'5.94" | N-29⁰24'47.24" E-79⁰08'40.02" |

सयुंक्त सर्वेक्षण के उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी

**वन विभाग के प्रतिनिधि–**

1. श्री ललित मोहन जोशी, वन क्षेत्राधिकारी कोसी राजि
2. श्री चन्द्र प्रकाश उप राजिक, कोसी राजि
2. श्री भुवन चन्द्र पाण्डे बीट अधिकारी, वेला बीट

**भारत संचार निगम प्रतिनिधि–**

1. श्री टी.एस.पांगती, सहायक महा प्रबन्धक, हल्द्वानी
2. श्री अखिलेश कुमार, उप मंडल अभियन्ता, रामनगर

**प्रतिनिधि राजस्व विभाग**

4. श्री आशुतोष चन्द्रा, राजस्व उप निरीक्षक, रामनगर

**ग्राम प्रतिनिधि–**

3. श्री आनन्द कुमार, उप ग्राम प्रधान टेढा

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
कोसी राजि, रामनगर

# कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी,देचौरी राजि(पवलगढ़)

## रामनगर वन प्रभाग, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक – 718/12 पवलगढ़, दिनांक 04/04/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर।

**विषय –** **भारत नेट/NOFN परियोजना के अन्तर्गत ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने हेतु संयुक्त स्थलीय निरीक्षण के लिए प्रार्थना पत्र।**

**संदर्भ–** **प्र0 वना0रामनगर की पत्रांक संख्या 2134/12–1, दिनांक 22/03/2021।**

महोदया,

प्र0वना0रामनगर की पत्रांक संख्या 2134/12–1 दिनांक 22/03/2021 के अनुपालन में दिनांक 01/04/2021 प्रातः 11:00 बजे भारत संचार निगम लिमिटेड़, रामनगर नैनीताल के प्राधिकृत प्रतिनिधि श्री टी0एस0 पॉगती, सहायक महाप्रबंधक(ट्रांस) **BSNL, HALDWANI** रामनगर, श्री अखिलेश कुमार उप मंडल अभियंता **BSNL, HALDWANI** रामनगर, श्री आशुतोष चन्द्रा, राजस्व उप निरीक्षक, रामनगर, श्री नवीन चन्द्र सती, ग्राम प्रधान क्यारी एवं वन विभाग से सम्बन्धित स्टाफ के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें सूखा स्रोत क्षेत्र से देचौरी राजि के अन्तर्गत क्यारी पंचायत घर तक लगभग 4 कि0मी0 तक लोक निर्माण विभाग/PMGSY द्वारा निर्मित मार्ग के किनारे केबिल बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसकी कुल दूरी 4000 मीटर है, उक्त संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित भूमि के भू–भाग पर मोटर मार्ग के किनारे कच्ची पटरी में 0.30 मीटर चौड़ी नाली खोदकर केबिल बिछाने का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य में केबल बिछाये जाने से कोई वृक्षों की क्षति होने की सम्भावना नही है। यदि केबिल बिछाने हेतु खुदान करते समय किसी प्रकार से वृक्षों की क्षति होती है तो उसके लिये भारत संचार निगम लिमिटेड़, रामनगर नैनीताल जिम्मेदार होगी तथा उक्त संस्था के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। केबल बिछाने के दौरान खोदे गये नाले व गड्डों को कार्यदायी संस्था द्वारा तुरन्त भरा जायेगा व संस्था को लोक निर्माण विभाग/PMGSY से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। देचौरी राजि के अन्तर्गत सूखा स्रोत क्षेत्र से क्यारी पंचायत घर तक मोटर मार्ग किनारे आरक्षित वन क्षेत्र में भूमिगत आप्टिकल फाइबर बिछाने वाले क्षेत्र का जी0पी0एस0 लोकेशन, लम्बाई व चौड़ाई निम्नानुसार है:–

| क्र0 सं0 | मोटर मार्ग का नाम | पटरी का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | चौड़ाई मीटर में | जी0पी0एस0 लोकेशन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देचौरी राजि के अन्तर्गत बेलगढ़ सूखा स्रोत बेलगढ़ बीट प्रारम्भ से बरुवा बीट पंचायत घर तक (लोक निर्माण विभाग/PMGSY मार्ग) | बांयी | 4.00 | 0.30 | N-29°22'42.6" E-079°09'15.2" (प्रारम्भ) |
| | | | | | N-29°22'37.4" E-079°09'24.0" |
| | | | | | N-29°22'24.2" E-079°09'47.2" |
| | | | | | N-29°22'17.3" E-079°10'13.1" |
| | | | | | N-29°22'06.7" E-079°11'00.0" |
| | | | | | N-29°22'04.9" E-079°11'17.6" (अन्तिम) |

**संयुक्त सर्वेक्षण में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी**

**वन विभाग के प्रतिनिधि–**
श्रीमती किरन शाह ग्वासीकोटी वन क्षेत्राधिकारी

श्री गोविन्द गोस्वामी, वन दरोगा

श्री रविन्द्र कुमार, वन बीट अधिकारी

**प्रतिनिधि राजस्व विभाग**
श्री आशुतोष चन्द्रा, राजस्व उप निरीक्षक, रामनगर

**भारत संचार निगम प्रतिनिधि**
श्री टी0एस0 पॉगती, सहायक महाप्रबंधक(ट्रांस) **BSNL, HALDWANI** रामनगर

श्री अखिलेश कुमार उप मंडल अभियंता **BSNL, HALDWANI** रामनगर

**ग्राम प्रतिनिधि–**
श्री नवीन चन्द सती, ग्राम प्रधान क्यारी

**भवदीया,**

वन क्षेत्राधिकारी
देचौरी राजि
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर